महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252551 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

ज्ञान शांति मैत्री

हरि औध एक पूरे युग व भाषा के निर्माता थे- कुलपति राय

डॉ. संतोष रानी गुप्ता द्वारा हरि औध पर लिखी पुस्तक का लोकार्पण समारोह

वर्धा दि. 26 सितंबर 2011: अमरावती शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार की माताजी डॉ. संतोष रानी गुप्ता द्वारा लिखित 'हरि औध साहित्य का प्रवृत्तिमूलक अध्ययन' पुस्तक का लोकार्पण महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति तथा साहित्यकार विभूति नारायण राय ने किया। अमरावती के पुलिस ग्राउंड स्थित वसंत हॉल में रविवार को सम्पन्न हुए इस शानदार समारोह में मंच पर केशरबाई लाहोटी महाविद्यालय, अमरावती के डॉ. रमेश मुंधडा, डॉ. ज्योति व्यास, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. के. जी. खामरे, लेखिका डॉ. संतोष रानी गुप्ता, अमरावती विश्वविद्यालय के डॉ. शंकर बुंदेले, पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार तथा उनके पिता युगल किशोर प्रसाद प्रमुखता से उपस्थित थे।

इस अवसर पर कुलपति राय ने कहा कि हरि औध का कार्यकाल 1865 से 1947 है, जिसे नवजागरण का काल कहा जाता है। इस काल में ही खड़ी बोली बन रही थी। खड़ी बोली में कविता नहीं लिखी जाती इस मिथक को हरि औध ने तोड़ दिया है। हरि औध के काल की रचनाओं को सहानुभूति के साथ देखना चाहिए। उन्होंने हरि औध को एक पूरे यूग और भाषा के निर्माता करार देते हुए कहा कि उनकी भाषा सहज और जनमानस के दिलों-दिमाग पर प्रभाव डालने वाली भाषा थी। वे भले ही रचनात्मकता पर खरे न उतरे हो परंतु वे प्रभावी रचनाकार जरूर थे। वे भारतेंदु-द्विवेदी और छायावाद

इन तीनों युग के सहयात्री रहे है और उनका खडी बोली को विकसित करने में महति योगदान रहा है। कुलपति राय ने पुस्तक की लेखिका डॉ. संतोष रानी गुप्ता एवं पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से हिंदी समाज पर ऋण चढ़ाया है। मंच संचालन ममता मेहता ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन युगल किशोर प्रसाद ने किया। इस समारोह में साहित्यकार तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बी एस मिरगे

जनसंपर्क अधिकारी

पोष्ट - मानस मंदिर, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post- Manas Mandir, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
Ph./Fax: (07152) 252651 ई-मेल/**E-mail: bsmirgae@gmail.com**, वेबसाईट/**Website:** www.hindivishwa.org